सीसीआरटी के परामर्शक ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि बच्चों में समेकित शिक्षा के प्रसार के उद्देश्य को लेकर भारतीय लोक कला मण्डल में 7 से 16 वर्ष तक आयु वर्ग के बच्चों के लिए 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर इंद्रधनुष -2024 का आयोजन भारतीय लोक कला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया जिसमें लगभग 100 बच्चों ने अपना पंजीयन कराया। शर्मा ने 10 दिवसीय शिविर में भाग लेने वाले बच्चों की विविध गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आशा है यहां पर सीखे विविध शिल्पों को घर पर भी बनाने का प्रयास करेगें। इसके लिए उन्होंने सभी अभिभावकों का आभार जताया। भारतीय लोक कला मण्डल उदयपुर के निदेशक डॉ. लईक हुसैन ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और कहा कि यहां प्राप्त प्रशिक्षण का भविष्य में बेहतर उपयोग करते हुए अपने हुनर को बढ़ावा दे। उन्होंने कला मण्डल की उपलब्धियों एवं गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी।

''बच्चों का झगड़ा''नाटक ने किया प्रभावित: समापन अवसर प्रसिद्ध नाट्य निर्देशक प्रबुद्ध पाण्डे द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक ''बच्चों का झगड़ा'' का मंचन हुआ। नाटक की कहानी कुछ इस तरह थी कि दो बच्चे खेलते हुए आपस में झगड़ जाते है और झगड़ा इतना बढ़ जाता है। बात माता-पिता तक पहुँच जाती है वो भी आपस में झगडनें लगते है थोड़ी देर बाद दोनों बच्चे आपस में खेलते हुए नज़र आते है। जिस पर घर के बड़े बुजुर्गों द्वारा दोनों परिवार को समझाते हुए कहा जाता है कि बच्चे तो बच्चे है इनके पिछे बड़ो को नहीं झगड़ना चाहिए।

प्रदर्शनी में दिखा उत्साह: इसके पश्चात शिविर में लोक नृत्यों की प्रशिक्षक श्रीमती शिप्रा चटर्जी द्वारा निर्देशित लोक नृत्यों की बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी। जिस पर दर्शकों ने जोरदार तालियों से बच्चों का उत्सावर्धन किया। शिविर में पुतली प्रशिक्षक मोहन डांगी द्वारा बच्चों को दस्ताना पुतली बनाने का प्रशिक्षण दिया गया जिसमें बच्चों द्वारा दस्ताना पुतली का निर्माण किया गया है जिसकी प्रदर्शनी लगाई गई इसके साथ ही आर्ट एण्ड काफ्ट्र के तहत सुश्री पंकज मालवीया, सीमा कंठालिया एवं मोहम्मद समीर द्वारा बच्चों को विभिन्न शिल्पों से अवगत कराते हुए उन्हें बनाने का प्रशिक्षण दिया गया था।

जिसमें प्राकृतिक अपशिष्ट से बने खिलौने, पेंड-पौधों, फल, सब्जियों के छिलके, बीज, अनाज एवं दालों से खिलौने आदि की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम के अंत में सभी गणमान्य अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर शुभकामनाएं दी।

राजस्थान के मुख्यमंत्री का अनूठा हीट वेव प्रबंधन

मेवाड़ में भी दिख रही मुख्यमंत्री के हीट वेव प्रबंधन की मिसाल

उदयपुर, 30 मई। ज्येष्ठ माह के लगते ही नौतपा के प्रभाव के कारण पूरा राज्य इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा कई संभागीय मुख्यालयों पर पारा 45 से 50 डिग्री सेल्सियस के आसपास चल रहा है। रात और दिन के तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। राज्य के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने अपनी तमाम प्रकार की चुनावी व्यस्तताओं के बावजूद अपनी दूरदर्शिता और संवेदनशीलता के कारण समग्र लोकहित में शासन-प्रशासन को चुस्त-दुरूस्त कर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हीट-वेव प्रबंधन उनकी प्राथमिकता में है और तमाम सरकारी मशीनरी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए जनता को इस कठिन समय में राहत देने के उपाय सुनिश्चित करें।

अवकाशों पर रोक, फील्ड में जाने के निर्देश:मुख्यमंत्री ने ग्रीष्म ऋतु के आरंभ होते ही संवेदनशीलता दिखाई और आमजन को राहत देने के उद्देश्य से समस्त संभागीय आयुक्त और जिला कलक्टर से लेकर एसडीएम तक और चिकित्सा, पेयजल सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों के अवकाश पर रोक लगाते हुए उन्हें लगातार फील्ड में रहने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने जिलों के सभी अस्पतालों और डिसपेंसरियों में हीट वेव से संबंधित दवाइयों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ इलाज के पुख्ता प्रबंध किए और अस्पतालों में लू-तापघात से ग्रसित मरीजों के लिए डेडिकेटेड वार्ड स्थापित किए गए।

आमजन के साथ पशु-पक्षियों को भी दे रहे राहत:मुख्यमंत्री के निर्देशों के बाद न सिर्फ आमजन अपितु मूक पशु-पक्षियों के दाना-पानी की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर अपूर्व राहत दी जा रही है।

क्षेत्र की नहरों और जलभंडारण स्त्रोतों में जलापूर्ति निर्बाध रूप से जारी है, जिससे राज्य में पेयजल और पशुचारे की आपूर्ति सुचारू बनी हुई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेशभर में पशु-पक्षी संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सभी सरकारी कार्यालयों में पक्षियों के लिए दाने-पानी की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री का यह आह्वान जनआंदोलन बन चुका है और अनेक स्वयंसेवी संस्थाएं और आमजन इसके लिए आगे आ गए हैं।

नरेगा समय बदला:तेज धूप में कार्य करने वाले श्रमिकों की समस्याओं को देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश के पश्चात् मनरेगा श्रमिकों के कार्य समय को परिवर्तित किया गया है। इससे लाखों श्रमिक परिवारों को राहत मिली है। इसी प्रकार औद्योगिक स्थलों, धार्मिक एवं पर्यटन केन्द्रों, भीड़भाड़ वाले स्थानों जैसे बस स्टेंड, रेलवे स्टेशन, रेलवे फाटक के आसपास छाया-पानी की व्यवस्था की गई है।

प्रभारी सचिवों के माध्यम से प्रबंधन की हो रही पड़तालल मुख्यमंत्री ने न सिर्फ हीट वेव प्रबंधन सुनिश्चित किया है अपितु फील्ड में इस प्रबंधन से आमजन को सही मायनों में फायदा मिल रहा है या नहीं, इसकी पड़ताल करने के भी निर्देश दिए हैं।प्रदेशभर में हीट वेव प्रबंधन व अन्य सभी व्यवस्थाओं की पड़ताल करने और इन्हें और अधिक मुस्तैद करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के निर्देशों की पालना में सभी जिलों के प्रभारी सचिव दो दिनों से अपने प्रभार वाले जिलों में भेजकर रिपोर्ट तलब की गई हैं।

ये हीट वेव प्रबंधन की बारीकी से मॉनिटरिंग कर रहे हैं। प्रभारी सचिव जिले के अधिकारियों की सक्रियता के आकलन के साथ अस्पतालों, गौशालाओं आदि का निरीक्षण कर रहे हैं। सभी जिलों के दौरों की रिपोर्ट का 31 मई को खुद मुख्यमंत्री आकलन करेंगे।

खुद फील्ड में उतरे मुख्यमंत्री:पहली बार मुख्यमंत्री ने जलदाय और विद्युत विभाग के राज्य स्तर से लेकर उपखण्ड स्तर तक नियंत्रण कक्षों को मुस्तैद रखने की न सिर्फ मॉनिटरिंग की है अपितु गत दिनों खुद मुख्यमंत्री फील्ड में उतरे और जलापूर्ति प्रबंधन को देखकर दी जा रही राहत की पुष्टि की है। आमजन को लू और तापघात से बचाव के प्रति जागरुक करने साथ 'डू और डोंट्स' के प्रति आमजन को जागरुक किया जा रहा है।

समग्रत: कहा जा सकता है कि संवेदनशील मुख्यमंत्री की प्रत्येक स्तर पर मॉनिटरिंग और समय पूर्व प्रबंधों की बदौलत गर्मी के इस चुनौतीपूर्ण दौर में समूचे प्रदेश की भांति मेवाड़ अंचल के आमजन को भी अपूर्व राहत मिली है।

200 से ज्यादा रैली, रोड शो और सभाएं, 80 इंटरव्यू...

लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी का ऐसा रहा मैराथन चुनावी अभियान

नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसी)। इस बार का लोकसभा चुनाव सात चरणों में संपन्न हो रहा है और चुनाव का नतीजा 4 जून को घोषित होगा। 16 मार्च को चुनाव आयोग की तरफ से लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई थी। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार के लिए पूरी ताकत झोंक दी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव आचार संहिता लागू होने के पहले से ही देश भर के लगभग सभी राज्यों का मैराथन दौरा कर रहे थे। लेकिन, चुनाव की तारीख की घोषणा के साथ देश के दक्षिण छोर से शुरू हुआ उनका प्रचार अभियान उत्तर में स्थित पंजाब के होशियारपुर में आकर समाप्त हुआ। जहां पीएम मोदी ने गुरुवार को एक चुनावी रैली को संबोधित किया।

इस चुनाव में पार्टी के पक्ष में पीएम मोदी की मेहनत साफ नजर आई। विपक्ष के फायर ब्रांड नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, अखिलेश यादव, अरविंद केजरीवाल जैसे नेता एक तरफ और पूरे चुनाव प्रचार अभियान के दौरान नरेंद्र मोदी एक तरफ सबको अपनी ऊर्जा से टक्कर देते नजर आए। आंध्र प्रदेश के पालनाडु से चुनाव प्रचार की शुरुआत कर पीएम मोदी ने इस अभियान का समापन 30 मई को पंजाब के होशियारपुर में किया। यानी 75 दिन की इस अवधि में पीएम मोदी ने 180 रैलियां और रोड शो किए हैं। पीएम मोदी की रैलियों के साथ उनके रोड शो और अन्य कार्यक्रमों में शामिल होने का आंकड़ा देखें तो यह संख्या 206 है। इसके साथ ही उन्होंने इस दौरान 80 से ज्यादा मीडिया चैनलों, अखबारों, यूट्यूबरों, ऑनलाइन मीडिया माध्यमों को अपना साक्षात्कार दिया। मतलब औसतन हर दिन पीएम मोदी ने दो से ज्यादा रैलियां और रोड शो के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। वहीं, पीएम मोदी मार्च में चुनाव की घोषणा से पहले फरवरी और मार्च की 15 तारीख तक 15 रैलियां कर चुके थे।

पीएम मोदी ने सबसे ज्यादा 22 जनसभाएं और कुल 31 चुनावी कार्यक्रम यूपी में किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कर्नाटक में 11, तेलंगाना में 11, तमिलनाडु में 7, आंध्र प्रदेश में 5 और केरल में 3 रैलियां की हैं। पीएम मोदी ने बिहार में 20 चुनावी कार्यक्रम और महाराष्ट्र में 19 चुनावी कार्यक्रम के साथ पश्चिम बंगाल में 20 रैलियों को संबोधित किया। इसके साथ ही पीएम ने ओडिशा और मध्य प्रदेश में 10 चुनावी कार्यक्रम किए। वहीं, पीएम का फोकस झारखंड पर भी रहा, जहां उन्होंने 7 कार्यक्रम किए। पीएम मोदी के 2019 के चुनावी रैलियों की संख्या देखें तो आपको पता चलेगा कि उन्होंने उस चुनाव में 142 जनसभाएं की थी।

लोकसभा चुनाव अब अपने अंतिम दौर की ओर बढ़ चला है। उत्तर प्रदेश में भी सातवें और अंतिम चरण की 13 सीटों पर एक जून को वोट पड़ेंगे। आखिरी चरण में पक्ष और विपक्ष के दिग्गज चेहरों की ताकत तो परखी ही जाएगी, दोनों ओर पनपी नई चुनावी दोस्ती का भी इम्तिहान होगा। भारतीय जनता पार्टी सहित ह्ल्ल के चार घटक दलों के शीर्ष चेहरों की जमीनी परख भी इस चरण में होगी। सातवें चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मीरजापुर और रॉबर्ट्सगंज सहित 13 लोकसभा सीटों पर चुनाव होंगे।

इसमें गाजीपुर और घोसी को छोड़कर बाकी 11 सीटों पर ह्ल्ल का कब्जा है। इस चरण के चुनाव में वाराणसी से पीएम नरेंद्र मोदी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। वहीं, गोरखपुर में सीएम योगी आदित्यनाथ के प्रभाव का आकलन होगा। इसके अलावा सपा-कांग्रेस गठबंधन के साथ आई तृणमूल कांग्रेस की जमीन पर पकड़ का अंदाजा भी इस चुनाव में लगने वाला है। भदोही सीट से टीएमसी चुनाव मैदान में गठबंधन के तहत खड़ी है।

लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा 11 सीटों पर चुनाव लड़ी थी और 9 पर उसको जीत मिली थी। सहयोगी दल अपना दल (स) ने अपने कोटे की दोनों सीटें जीती थीं। इस बार भाजपा 10 सीटों पर लड़ रही है। 2 सीटों पर अपना दल (स) और एक पर सुभासपा की दावेदारी है। निषाद पार्टी के मुखिया संजय निषाद के बेटे प्रवीण निषाद संतकबीरनगर से उम्मीदवार थे, जहां चुनाव हो चुका है, लेकिन सातवें चरण की कई सीटों पर निषाद वोटर काफी संख्या में हैं। इसलिए अपने वोटरों में पैठ के संजय निषाद के दावे भी इस चरण में कसौटी पर कसे जाएंगे। घोसी और गाजीपुर बसपा ने जीती थी। हालांकि, इन दोनों ही सीटों पर इस बार सपा व भाजपा मुख्य मुकाबले में हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में इन 13 लोकसभा सीटों के दायरे में आने वाली 65 विधानसभा सीटों में 48 पर ह्ल्ल को जीत मिली थी। 15 सीटें सपा गठबंधन व 1-1 सीट बसपा व कांग्रेस के खाते में गई थी।

पारस हेल्थ के डॉक्टरों की राय : आज ही धूम्रपान छोड़ना सेहत के लिए फायदेमंद

उदयपुर, 30 मई (निसं)। तम्बाकू धूम्रपान दुनिया भर में मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। तंबाकू धूम्रपान से हर साल 8 मिलियन से ज़्यादा लोग मरते हैं। हालांकि इस स्थिति से पूरी तरह बचा जा सकता है। बस इसके लिए व्यक्ति को धूम्रपान छोड़ने की ज़रूरत है। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर पारस हेल्थ के डॉक्टर धूम्रपान करने वालों को इस जानलेवा आदत को छोड़ने की सलाह देते हैं, क्योंकि धूम्रपान न केवल उन्हें बल्कि उनके परिवारों को भी परेशानी में डालता है। धूम्रपान न केवल धूम्रपान करने वाले व्यक्ति के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है, बल्कि उसके आस-पास के लोगों की सेहत को भी खतरे में डालता है। सेकेंड हैंड स्मोक में 7,000 से ज़्यादा केमिकल होते हैं, जिनमें से कई कैंसर पैदा करने वाले केमिकल माने जाते हैं यानी ये केमिकल कैंसर का कारण बन सकते हैं। सेकेंड हैंड स्मोक के संपर्क में आने वाले लोगों में सांस से संबंधित संक्रमण, हृदय से संबंधित बीमारी, फेफड़ों का कैंसर और अन्य बीमारियों के होने का खतरा बढ़ जाता है।

पारस हेल्थ के डॉ सुभब्रत दास- सीनियर कंसलटेंट, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी उदयपुर ने इस बारे में कहा - आज धूम्रपान छोड़ना आपके स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छे निर्णयों में से एक हो सकता है। इसके लाभ बहुत ज़्यादा है और इसका लाभ आपको तत्काल दिख सकता हैं जैसे कि फेफड़ों की कार्यक्षमता में सुधार से लेकर हृदय रोग और कैंसर के जोखिम में कमी तक आदि ऐसे लाभ हैं जो धूम्रपान छोड़ने पर तुरंत नज़र आते हैं। काउंसलिंग और निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी से लेकर बिहेवियरल इंटरवेंशंस तक, पारस हॉस्पिटल प्रत्येक व्यक्ति की ज़रूरतों के अनुसार व्यापक देखभाल प्रदान करता है। सामूहिक प्रयासों से धूम्रपान मुक्त माहौल बनाना संभव है, ताकि इस माहौल में व्यक्ति और परिवार तम्बाकू के विनाशकारी प्रभावों से मुक्त होकर बेहतर जीवन जी सकें और फल- फूल सकें।

शक्ति पंप्स को मिला 14 वां पेटेंट

उदयपुर, 30 मई (निसं)। भारत में सोलर पंप और मोटर बनाने वाली अग्रणी निर्माता कम्पनी शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड को * मेथड एंड ऐपरेटस फॉर सॉफ्ट स्टार्ट, सॉफ्ट स्टॉप, प्रोटेक्शन एंड ब्राउन आउट ऑपरेशन ऑफ़ अ ग्रिड कनेक्टेड मोटर* का आविष्कार करने के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय ने पेटेंट अधिनियम 1970 में निर्धारित प्रावधानों का पूरी तरह से पालन करते हुए शक्ति पंप्स को यह पेटेंट प्रदान किया है। यह पेटेंट दाखिल करने की तारीख से 20 वर्षों की अवधि के लिए मान्य है। यह कम्पनी को मिला 14 वां पेटेंट है। शक्ति पंप्स के चेयरमैन, दिनेश पाटीदार ने इस उपलब्धि पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि - हमें गर्व है कि हमने अपना 14वां पेटेंट प्राप्त किया, जो इनोवेशन और उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण योगदान है।

दक्षिण अफ्रीका मेंपहली बार गठबंधन की सरकार!

नई दिल्ली, 30 मई (एजेंसी)। भारत के साथ साथ दक्षिण अफ्रीका में भी राष्ट्रपति चुनाव हुए। यहां पर 29 मई से आम चुनाव के लिए वोट डाले गए। दक्षिण अफ्रीका के सभी नौ राज्यों में वोटिंग हुई है लेकिन इस बार का चुनाव बहुत अलग है। कहा जा रहा है कि 30 सालों में ऐसा पहली बार होगा जब वहां की सबसे बड़ी पार्टी को बहुमत नहीं मिलेगा। मंडेला की बनाई अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस इस बार बहुमत से चूक सकती है। दक्षिण अफ्रीका की संसद में 400 सीटें हैं और किसी भी पार्टी को सरकार बनाने के लिए 201 सीटों की जरूरत होती है। अगर सरकार चला रही एएनसी को चुनाव के बाद बहुमत नहीं मिल पाता है तो राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को दूसरे सहयोगी दलों का समर्थन हासिल करना होगा।

शपथ ग्रहण समारोह समपन्न

उदयपुर, 30 मई (नसं)। गुरूवार को श्री कुंथु महिला जागृति मंच का शपथ ग्रहण समारोह समाज के नोहरे मंडी की नाल में संपन्न हुआ नवनिर्वाचित अध्यक्षा श्रीमती लीला कुर्ड़ीया एवं सचिव श्रीमती मैना भोरावत एवं समस्त कार्यकारिणी को बीसा नरसिंहपुरा समाज के अध्यक्ष श्रीमान ऋषभ जसिंगोत द्वारा गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में शपथ प्रदान की गई मंच संचालन श्रीमती डॉक्टर सोनिका जैन द्वारा किया गया।

अग्निवीर सेना भर्ती रैली के संबंध में बैठक 5 को

उदयपुर, 30 मई। उदयपुर जिले में आयोजित होने वाली अग्निवीर सेना भर्ती रैली वर्ष 2024-25 की व्यवस्थाओं के संबंध में विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बैठक बुधवार 5 जून को सुबह 11.30 बजे कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में आयोजित होगी। यह जानकारी जिला मजिस्ट्रेट ने दी।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD CITY DIVISION UDAIPUR

S.No:TS/NIT File/2024-25/ D- 534 Date 28.05.2024

NOTICE INVITING BID (NO.01/2024-25) Bids for Various Building work in PWD City Division Udaipur are invited from insterested bidders upto 6.00 PM (time) 05.06.2024 (date). Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://Sppp.raj.nic.in) of the state; and departmental website.

SPPP NIB No. PWD2425A0080

S.No.	UBN No.
1	PWD2425WSOB00159

(R.KMundra), EXECUTIVE ENGINEER PWD CITY DIVISION UDAIPUR

रिलायंस केमोटेक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः गाँव कानपुर, पोस्ट बॉक्स नं. 73, उदयपुर, राजस्थान, 313003

सी.आई.एन : L40102RJ1977PLC001994

दूरभाष : 0294-2491489, 294 2491490 फैक्स : 0294-2490067

ईमेल : cs@reliancechemotex.com वेबसाईट : www.reliancechemotex.com

अंशधारकों हेतु सूचना

विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण निधि ("आईईपीएफ") में रिलायंस केमोटेक्स इंडस्ट्रीज लि. ("कंपनी") के इक्विटी शेयरों का हस्तांतरण

एतद्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम 2013 ("अधिनियम") की धारा 124(6) के प्रावधानों के अनुसार निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखा परीक्षा, स्थानांतरण और धनवापसी) नियम 2016 ("आईईपीएफ नियम 2016") के साथ पठित") जैसा कि आज तक संशोधित किया गया है, कंपनी के इक्विटी शेयर जिनके संबंध में शेयरधारकों द्वारा लगातार सात वर्षों या उससे अधिक के लिए लाभांश राशि का भुगतान/दावा नहीं किया गया है, को निवेशक शिक्षा और संरक्षण कोष ("आईईपीएफ") में स्थानांतरित करने की आवश्यकता है। आईईपीएफ नियम 2016 के अनुसार, सभी अंतर्निहित शेयर जिनके संबंध में पिछले 7 (सात) लगातार वर्षों से लाभांश का भुगतान/दावा नहीं किया गया है, को आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में स्थानांतरित किया जाना है।

कंपनी पहले ही शेयरधारकों के नवीनतम उपलब्ध पते पर व्यक्तिगत नोटिस भेज चुकी है, जिनके लाभांश पिछले 7 (सात) लगातार वर्षों से बे-दावा पड़े हैं, उन्हें शीघ्र लाभांश का दावा करने की सलाह दी गई है। शेयरधारकों का विवरण (उनके नाम, फोलियो नंबर, डीपी आईडी / क्लाइंट आईडी, आदि सहित) जिन्हें संचार भेजा गया है, के विवरण के साथ उनसे संबंधित लाभांश कंपनी की वेबसाइट यानी http://www.reliancechemotex.com/reports/financial-reports/ पर उपलब्ध है।

इस संबंध में, कृपया निम्नलिखित पर ध्यान दें -

अ) **यदि आपके पास भौतिक रूप में शेयर हैं**- कंपनी उनके द्वारा धारित मूल प्रमाणपत्रों के एवज में डीमैट फॉर्म में रूपांतरण और बाद में एनएसडीएल और सीडीएसएल के साथ आईईपीएफ प्राधिकरण द्वारा खोले गए डीमैट खातों में हस्तांतरण के उद्देश्य से नया शेयर प्रमाणपत्र जारी करेगी। इस तरह के मुद्दे पर, मूल शेयर प्रमाण पत्र जो उनके नाम पर पंजीकृत हैं, स्वचालित रूप से रद्द हो जाएंगे और गैर-परक्राम्य माना जाएगा।

ब) **यदि आप शेयरों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखते हैं**- आईईपीएफ प्राधिकरण के डीमैट खाते में शेयरों का हस्तांतरण जैसा कि ऊपर बताया गया है, कंपनी द्वारा संबंधित डिपॉजिटरी के माध्यम से कॉर्पोरेट कार्रवाई के माध्यम से प्रभावित किया जाएगा।

यदि कंपनी को 26 सितम्बर 2024 तक संबंधित शेयरधारकों से कोई संचार प्राप्त नहीं होता है, तो कंपनी आईईपीएफ नियम 2016 में निर्धारित आवश्यकता के अनुपालन की दृष्टि से, अर्जित/उपार्जित लाभों के साथ इक्विटी शेयरों को कॉर्पोरेट कार्रवाई के माध्यम से बिना किसी और सूचना के आईईपीएफ प्राधिकरण को स्थानांतरित कर देगी। कृपया ध्यान दें कि बेदावा लाभांश और आईईपीएफ प्राधिकरण को हस्तांतरित शेयरों के संबंध में कंपनी के खिलाफ कोई दावा नहीं किया जाएगा।

शेयरधारक ध्यान दें कि आईईपीएफ को हस्तांतरित किए गए शेयर, ऐसे शेयरों पर होने वाले सभी लाभों सहित, आईईपीएफ नियम 2016 के तहत निर्धारित प्रक्रियाओं के अनुसार आईईपीएफ प्राधिकरण से वापस दावा किया जा सकता है। इस मामले पर किसी भी स्पष्टीकरण के लिए शेयरधारक रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट, बिग शेयर्स सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, एस6-2, छठी मंजिल, पिनेकल बिजनेस पार्क, अहुरा सेंटर के पास, महाकाली केव्स रोड, अंधेरी (पूर्व) मुंबई - 400093, दूरभाष- 022-62638200/210 या श्री उत्कर्ष गौड़, कंपनी सचिव, गाँव कानपुर, पोस्ट बॉक्स नं. 73, उदयपुर, राजस्थान, 313003 0294-2490488, ईमेल आईडी- shareholders@reliancechemotex.com से संपर्क कर सकते हैं।

कृते रिलायंस केमोटेक्स इंडस्ट्रीज लि.
उत्कर्ष गौड़
कम्पनी सचिव एवं नोडल अधिकारी
मेम्बरशिप नं : A60237

स्थान: उदयपुर
दिनांक: 30-05-2024

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी खान मैसर्स बैधनाथ माइन्स एण्ड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से आवेदित है। जिसका खनन पट्टा संख्या एम.एल. 13/2022 (REF. 20221000057368) निकट ग्राम कुण तहसील लसाड़िया, जिला सलूम्बर (राज.) में है, जिसकी पर्यावरण स्वीकृति SEIAA JAIPUR द्वारा दिनांक 24.05.2024 को क्रमांक नं. F 1 (4) SEIAA/SEAC-Raj/SECTT/Project/Cat. B1 (0190)/ 2022-23 को जारी की गई। जिसकी उत्पादन क्षमता 266071 TPA (ROM) (Quartz and Quartzite- 105000 TPA, Masnory Stone - 45000 TPA, Granite- 27500 TPA, Feldspar- 27500 TPA & Waste 61071TPA) है।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी खान मैसर्स बैधनाथ माइन्स एण्ड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से आवेदित है। जिसका खनन पट्टा संख्या एम.एल. 10/2022 (REF. 20221000056179) निकट ग्राम कुण तहसील लसाड़िया, जिला सलूम्बर (राज.) में है, जिसकी पर्यावरण स्वीकृति SEIAA JAIPUR द्वारा दिनांक 24.05.2024 को क्रमांक नं. F 1 (4) SEIAA/SEAC-Raj/SECTT/Project/Cat. B1 (0191) 2022-23 को जारी की गई। जिसकी उत्पादन क्षमता 258929 TPA (ROM) (Quartz and Quartzite- 105000 TPA, Masnory Stone - 45000 TPA, Granite- 25000 TPA, Feldspar- 25000 TPA & Waste 58929 TPA) है।

एशिया पैक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः तृतीय तल, मिराज परिसर, ऊपर की ओडन, नाथद्वारा, राजसमंद, राजस्थान, भारत, पिन-313301

CIN: L74950RJ1985PLC003275

टेलीफोन नंबर: 1800 120 3699, ई-मेल: lakshit.samar@mirajgroup.in, वेबसाइट: www.asiapackltd.com

31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वार्षिक के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणाम का सारांश

₹ लाख में ईपीएस को छोड़कर

विवरण	समाप्त तिमाही मार्च-24 अंकेक्षित	समाप्त तिमाही दिसम्बर-23 अंनकेक्षित	समाप्त तिमाही मार्च-23 अंकेक्षित	समाप्त वार्षिकी मार्च-24 अंकेक्षित	समाप्त वार्षिकी मार्च-23 अंकेक्षित
परिचालनों से कुल आय	6.15	0.60	1.20	8.35	5.20
अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि)(कर, आपवादिक और/या असाधारण मदो से पूर्व)	11.89	11.10	7.66	49.19	27.12
अवधि के लिए कर पूर्व शुद्ध लाभ/(हानि)(आपवादिक और/या असाधारण मदो के बाद)	11.89	11.10	7.66	49.19	27.12
अवधि के लिए कर उपरांत शुद्ध लाभ/(हानि)(आपवादिक और/या असाधारण मदो के बाद)	2.55	14.40	7.34	36.86	21.12
अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ (हानि)(कर उपरांत) तथा अन्य व्यापक आय (कर उपरांत) सहित)	1443.18	14.40	7.34	1477.49	21.10
समता अंश पूंजी	263.74	263.74	263.74	263.74	263.74
संचय (पुनर्मूल्यांकन संचय को छोड़कर) पूर्व वर्ष के लिए लेखापरीक्षित तुलन-पत्र में दिखाए गए अनुसार	-	-	-	3120.70	1643.21
प्रति अंश अर्जन (ईपीएस)(रु 10/- प्रत्येक)					
मूल	0.10	0.54	0.28	1.40	0.80
तनुकृत	0.10	0.54	0.28	1.40	0.80

टिप्पणी:

1. उपरोक्त परिणाम, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षा) नियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल त्रैमासिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। त्रैमासिक/वार्षिक वित्तीय परिणामों के पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.asiapackltd.com पर उपलब्ध है।
2. 31 मार्च, 2024 को समाप्त उपरोक्त त्रैमासिक/वार्षिक के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई है तथा 30 मई, 2024 को आयोजित अपनी बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।

कृते एशिया पैक लिमिटेड
हस्ता/-
पुष्पेंद्र जैन
निदेशक एवं सीएफओ
डिन : 03228950

स्थान : नाथद्वारा
दिनांक : 30.05.2024

SRG HOUSING FINANCE LIMITED

(CIN: L65922RJ1999PLC015440)

321. S M Lodha Complex, Near Shastri Circle, Udaipur-313001(Rajasthan), Phone 0294-2561882 E-mail: info@srghousing.com Website: www.srghousing.com

PUBLIC NOTICE FOR AUCTION-SALE OF IMMOVABLE PROPERTY

(UNDER SARFAESI ACT READ WITH PROVISO TO RULE 8(6) OF SECURITY INTEREST (ENFORCEMENT) RULES)

Whereas the authorized officer of SRG Housing Finance Limited (hereinafter referred as the "SRGHFL"), 321, SM Lodha Complex, Near Shastri Circle, Udaipur - 313001 (Rajasthan), under the Securitization And Reconstruction of Financial Assets and Enforcement Of Security Interest Act, 2002 (hereinafter referred as the 'Act') and in exercise of power conferred under section 13(12) read with rule 3 of Security Interest (Enforcement) Rules, 2002, (hereinafter referred as the 'Rules') issued demand notice under section 13(2) of the Act calling upon the below-mentioned amount due together with future interest thereon at the contractual rate plus all costs, charges and incidental expenses etc. till the date of payment within 60 days from the date of receipt of the said notices.

Notice is hereby given to the public in general and in particular to the Borrower(s)/Mortgagor(s) and Guarantor(s) having failed to repay the said amount within the specified period, the authorized officer has taken over physical possession in exercise of power conferred under section 13(4) of the Act read with the said rules, which is to be sold by way of auction on " As Is Where Is basis ", "As Is What Is basis", and "Whatever there is basis, and "No Recourse basis" for realization of financial institution's due under Rules 8 and 9 of rules by inviting tenders/bids as per below auction schedule.

AUCTION SCHEDULE

Description Of Properties	Equitable Mortgage Of Land & Building, Together With Buildings And Structures Constructed, To Be Constructed Thereon Along With Fixtures And Fittings Attached To The Earth And Anything Attached To The Earth And Made Thereon, In The Name Of Mr. Parasram Barodiya S/o Mr Narayan Barodiya Having Property Patta No, - 16425, Aaraji No. - 5676, Village Post -seriya, Tehsil - Salumber, District - Udaipur (rajasthan) Admeasuring Area 826.00 Sq. Ft. Surrounded By: - East - House Of Yashwant, West - Main Road, North - Bada Of Narayan Ji, South - Main Road
Known Encumbrances (if Any)	Not Known To The Secured Creditor
Reserve Price (in ₹)	₹ 11,56,000/- (Rupees Eleven Lakh And Fifty-six Thousand Only)
Earnest Money Deposit (₹) Through D.D. In Favor Of SRG Housing Finance Limited, Udaipur (Rajasthan)	₹ 1,15,600/- (Rupees One Lakh Fifteen Thousand And Six Hundred Only) Date - Till July 02, 2024 Before 04.00 Pm
Bid Incremental Amount	10,000/-in Words (rupees Ten Thousand Only)
Date, Time And Venue For Bidding	Date - July 04, 2024, Time - 11:00 Am To 01:00 Pm , Venue - SRG Housing Finance Limited, Office No. - Office Of Srg Housing Finance Limited, 321, S.m. Lodha Complex, Near Shastri Circle, Udaipur-313001 (Rajasthan)
Inspection Of Properties	As Per Prior Appointment Of Authorized Officer (anytime Between 10:30 Am-4:00 Pm)
Return Of Emd Of Unsuccessful Bidders	Within 15 Working Days From The Date Of Auction
Last Date For Payment Of 25% Of Accepted Highest Bid For Confirmed Successful Bidders (inclusive Of Emd)	The Payment Should Be Made Latest By Next Working Day From The Date Of Bid Confirmation
Last Date For Payment Of Balance 75% Of Highest Bid	Within 15 Days From The Date Of Bid Confirmation

LOAN DETAILS

Party Details	HLR0100300001133 1. Mr. Parasram Barodiya S/o Narayan Ji Barodiya 2. Mrs. Bharti Barodiya W/o Parasram Barodiya 3. Mr. Ganesh Barodiya S/o Narayan Ji Barodiya 4. Mr. Gotam Meena S/o Gangu Ji Meena
Date Of Demand Notice U/s 13(2) Of Act	28-08-2018
Amount Of Demand Notice U/s 13(2) Of Act	₹ 4,92,216/- Rupees Four Lakhs Ninty Two Thousand Two Hundred And Sixteen Only As On August 27, 2018 Along With Future Interest At Contractual Rates And Risks, Besides Costs/charges, Incidental Expenses, Penal Interest, Etc., W.e.f August 28, 2018 Incurred Till The Date Of Repayment In Full.
Date Of Possession	29-02-2024
Publication Date Of Possession Notice	01-03-2024
Outstanding Dues (₹)	₹ 31,69,800/- Rupees Thirty-one Lakh Sixty-nine Thousand & Six Hundred Only As On May 29, 2024 Along With Future Interest At Contractual Rates And Rests, Besides Costs/charges, Incidental Expenses, Penal Interest, Etc., W.e.f May 30, 2024 Incurred Till The Date Of Repayment In Full.

1. For Inspection of the properties, the intending bidders may contact Official MR. Surendra Sharma (Mobile - 9261983853) at 321, SM Lodha Complex, Near Shastri Circle, Udaipur 313001 (Rajasthan) during office hours from 10:30 AM to 4:00 PM.
2. The sale shall be subject to rules/conditions prescribed under the Securitization & Reconstruction of Financial Assets & Enforcement of Security Interest Act, 2002
3. The Notice is also applicable to Borrower(s), Guarantor(s) and the public in general.
4. Mode of payment: By D.D. (Demand Draft) in the name of SRG Housing Finance Limited at, Udaipur (Rajasthan). Sale will be conducted by the authorized officer through auction.
5. Bidders are advised to go through the web portal of www.srghousing.com

NOTE- 1. THIS NOTICE CAN BE VIEWED ON www.srghousing.com
2. For detailed terms and conditions, bid form etc., Log on to: www.srghousing.com

PLACE:- Udaipur
DATE of Publication :- 31/05/2024

Authorized Officer
SRG Housing Finance Limited

STATUTORY 30 DAYS AUCTION-SALE NOTICE UNDER SARFAESI ACT, 2002

The borrower(s)/Guarantor(s)/ Mortgagors are hereby noticed to pay the sum mentioned as above within 30 days from the date of publication of this notice failing which the financial institution shall sell the property as per the provision laid down in the SARFAESI ACT, 2002.

RAJDARSHAN INDUSTRIES LIMITED

CIN:L14100RJ1980PLC002145

Address: 59, Moti Magri Scheme, Udaipur - 313001, Web: www.rajdarshanindustrieslimited.com, Mail: info@rajdarshanindustrieslimited.com

Statement of Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter and year ended March 31, 2024 (Rs. In Lakhs)

Particulars	Standalone Quarter ended 3/31/2024 Audited	Standalone Quarter ended 12/31/2023 Un-audited	Standalone Quarter ended 3/31/2023 Audited	Standalone Year ended 3/31/2023 Audited	Standalone Year ended 3/31/2024 Audited	Consolidated Quarter ended 3/31/2024 Audited	Consolidated Quarter ended 12/31/2023 Un-audited	Consolidated Quarter ended 3/31/2023 Audited	Consolidated Year ended 3/31/2023 Audited	Consolidated Year ended 3/31/2024 Audited
Total income	77.39	100.83	53.77	244.96	267.95	77.39	100.83	53.77	244.96	267.95
Net Profit for the period before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items	31.78	31.76	5.97	30.87	90.27	31.78	31.76	5.97	30.87	90.27
Net Profit for the period before tax after Exceptional and/or Extraordinary items	31.78	31.76	5.97	30.87	90.27	31.78	31.76	5.97	30.87	90.27
Net Profit for the period after tax after Exceptional and/or Extraordinary items	13.53	31.76	9.69	29.63	72.02	13.53	31.76	9.69	29.63	72.02
Share of Profit/Loss of associates and Joint Ventures accounted for using Equity method	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.01	0.00	(0.24)	(0.13)	(0.13)
Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax))	(150.32)	87.50	(62.59)	(66.57)	(5.52)	(150.31)	87.50	(62.83)	(66.70)	66.37
Equity Share Capital	310.83	310.83	310.83	310.83	310.83	310.83	310.83	310.83	310.83	310.83
Reserves (excluding Revaluation Reserve) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year	0.00	0.00	0.00	1765.18	1831.68	0.00	0.00	0.00	1767.19	1833.56
Earnings Per Share (of Rs. 10/- each)										
1. Basic:	0.44	1.02	0.31	0.95	2.32	0.44	1.02	0.30	0.95	2.32
2. Diluted:	0.44	1.02	0.31	0.95	2.32	0.44	1.02	0.30	0.95	2.32

NOTES:-
The standalone and consolidated financial results of the Company for the quarter and year ended March 31, 2024 have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of directors at their respective meetings held on May 29, 2024
The above is an extract of the detailed format of Quarterly and period ended Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015
The full format of the Quarterly and period ended Financial Results are available on the websites of the Stock Exchanges and on Company's Website.

For Rajdarshan Industries Limited
Sd/-
Devendra Sharma, CEO & Managing Director (DIN: 00921174)

Place: Udaipur
Date: 29-05-2024

ARIGATO UNIVERSE LIMITED

CIN: L45100RJ1979PLC001851

Reg. Off.: 220 Ashok Nagar,Main Road,Girwa, Udaipur ,Rajasthan - 313001

Extract of Financial Results for the Quater ended March 31, 2024

Standalone (Rs. In Lacs)

Particulars	Quarter ended March 31,2024	Quarter ended December 31,2023	Year ended March 31, 2024	Year ended March 31, 2023
Total income from operations (net)	88.16	22.61	169.58	33.45
Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax	5.22	6.41	23.65	4.55
Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Extraordinary items)	5.22	6.41	23.65	4.55
Paid up Equity Share Capital (Face Value Rs. 10/- per Equity Share)	609.62	609.62	609.62	609.62
Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year)				
Earnings Per Share (before extraordinary items) (of Rs. 10/- each)				
Basic :	0.09	0.11	0.39	0.07
Diluted:	0.09	0.11	0.39	0.07
Earnings Per Share (after extraordinary items) (of Rs. 10/- each)				
Basic :	0.09	0.11	0.39	0.07
Diluted :	0.09	0.11	0.39	0.07

Note : The above is an extract of the detailed format of Quarterly/Annual Financial Results with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing and other Disclosure Requirements) Regulation, 2015.The full format of the Quarterly/Annual Financial results are available on the Stock Exchange website .(URL of the filings)

For and on behalf of the Board of Directors
SABOO BROTHERS LIMITED
sd/-
Nikhil Kuwar Singh (DIN-09127337)
Whole Time Director

Place : Udaipur
Date : May 29, 2024

सम्पादकीय

जय राजस्थान

दिनांक-31 मई 2024 वार-शुक्रवार

लाहौर समझौते का उल्लंघन पाकिस्तान की गलती

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की यह स्वीकारोक्ति कई लिहाज से चौंकाने वाली है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में दोनों देशों के बीच हुए लाहौर समझौते के उल्लंघन की गलती उनके देश ने की थी। ध्यान रहे, उन्होंने यह बयान ऐसे समय दिया है, जब लंबे राजनीतिक निर्वासन के बाद वह फिर से पाकिस्तान की सत्तारूढ़ पार्टी के अध्यक्ष चुने गए हैं।

लाहौर समझौते की याद: नवाज शरीफ का लाहौर समझौते को याद करना इस मायने में भी अहम है कि दोनों देशों के आपसी रिश्तों के लिहाज से यह एक शानदार मौका था, जो गंवा दिया गया। 1999 में हुए इस समझौते में दोनों देशों के बीच शांति और स्थिरता की बात की गई थी। लेकिन इसके कुछ ही समय बाद पाकिस्तानी सेना ने करगिल में चोरी-छुपे घुसपैठ शुरू कर दी, जिसका अंजाम सीमित युद्ध के रूप में सामने आया।

इकलौती घटना नहीं: पाकिस्तान इस युद्ध के लिए भारत पर दोष मढ़ता आया है। हालांकि सच सबको पहले से पता है, लेकिन पहली बार पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक रूप से इसे स्वीकार किया है। हालांकि पाकिस्तान में भारत के साथ बेहतर संबंध बनाने की निर्वाचित सरकार की कोशिशों को सेना द्वारा नाकाम करने की यह कोई इकलौती घटना नहीं है।

सेना का वर्चस्व: पाकिस्तान के साथ दिक्कत ही यह रही है कि सेना, ढ्रस्ढ्ढ और आतंकवादी तत्वों पर वहां की सरकार का कोई प्रभावी नियंत्रण नहीं रहता। सेना पर्दे के पीछे से सियासत को कंट्रोल करती है। इसके सबूत फौज द्वारा सत्ता हथियाए जाने की घटनाओं में ही नहीं परदे के पीछे से सरकारें बदलने के उसके खेल में भी दिखते हैं।

अच्छे रिश्तों की शर्त: 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने भी पाकिस्तान के साथ संबंध सुधारने की कम कोशिश नहीं की। नवाज शरीफ से उनकी केमिस्ट्री भी अच्छी थी। लेकिन भारत ने साफ कर दिया था कि आतंकवादी तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाना अच्छे संबंधों की अनिवार्य शर्त है। पाकिस्तान सरकार यह शर्त पूरी नहीं कर सकी और सीमा पार से पठानकोट और पुलवामा जैसी आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दिया जाता रहा। ऐसे में रिश्ते बेहतरी की ओर नहीं जा सकते थे, नहीं गए।

नई शुरुआत का सवाल: जहां नवाज शरीफ ने सात साल के बाद सत्तारूढ़ पार्टी प्रमुख का पद औपचारिक तौर पर हासिल किया है, वहीं भारत में भी चुनाव नतीजे आने के बाद नई सरकार गठित होने वाली है। चूंकि पड़ोसी बदले नहीं जा सकते, इसलिए नवाज शरीफ के इस बयान को एक नए अवसर के रूप में लेते हुए संबंधों को एक मौका और देना कोई बुरा आइडिया नहीं है, लेकिन उससे पहले पाकिस्तान को अपनी इच्छा शक्ति का परिचय देते हुए आतंकी तत्वों पर लगाम लगाने की दिशा में कई कदम उठाने होंगे।

जलवायु परिवर्तन से उपजे हालात ने मुख्यमंत्री के जल-जीवन-हरियाली अभियान की दिलाई याद....

बढ़ते तापमान और पर्यावरण संकट से निपटने में बिहार का जल-जीवन-हरियाली अभियान बन सकता है नज़ीर

जल-जीवन-हरियाली अभियान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट का हिस्सा रहा है। दुनिया में पर्यावरण के प्रति गंभीरता और जागरुकता फैलाना इसका खास मकसद रहा है। पर्यावरण की बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए यथासंभव प्रयास करने और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करने का मुख्यमंत्री का अभियान प्रशंसनीय रहा है। राज्य को हरित प्रदेश बनाने के साथ ही ग्राउंड वाटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने और प्राकृतिक जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार का उनका भगीरथ प्रयास पूरी दुनिया के लिए नज़ीर बना हुआ है। पूरा देश आज भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान से जद्दोजहद कर रहा है।

कोई ऐसा दिन नहीं बीत रहा जब सुबह से ही ज़िंदगी की जंग शुरु नहीं हो रही हो। लगभग सभी राज्यों में बढ़ते तापमान के कारण लोगों का काफी बुरा हाल है। सुबह होते ही घरों में रहना भी मुश्किलों से भरा होता जा रहा है। कामकाज के लिए स्थिति काफी चुनौतीपूर्ण है।

पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, दरभंगा, गया, औरंगाबाद, पूर्वी चंपारण, सारण, गोपालगंज समेत मिथिलांचल और सीमांचल के जिलों में भी स्थिति एक जैसी बनी हुई है। सुबह में ही तापमान 35-36 डिग्री के आसपास हो जा रहा है। दिन चढ़ते ही 46 और 47 डिग्री सेल्सियस के आसपास पारा बना रहता है। अभी अगले दस दिनों तक ऐसी ही स्थिति रहने वाली है। भले ही राज्य सरकार ने स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी हो। आपदा प्रबंधन विभाग की एडवाइजरी के हिसाब से काम हो रहा हो लेकिन वास्तविक स्थिति भयावह बनी हुई है।

इस स्थिति में मुख्यमंत्री के प्रयासों की याद गंभीरता से आने लगी है। बिहार में मुख्यमंत्री ने हरित आवरण बढ़ाने की दिशा में गंभीर प्रयास किया है। झारखंड से बिहार के बंटवारे के बाद हरित आवरण चिंताजनक थी जो केवल 9 प्रतिशत के आसपास था, जिसे गंभीर प्रयासों से आज 15 प्रतिशत के लक्ष्य तक पहुंचाया गया है।

मुख्यमंत्री इसे 17 प्रतिशत करने का संकल्प ले चुके हैं। इसी तरह प्राकृतिक जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार का भगरीथ प्रयास भी इस दिशा में प्रभावी रहा है। मुख्यमंत्री ने जल-जीवन-हरियाली अभियान की सफलता के लिए जल-जीवन-हरियाली यात्रा भी शुरु की। इस अभियान को मुख्यमंत्री ने वर्ष 2019 में शुरु किया था और इसमें 11 अवयवों को शामिल किया गया था। कई जिलों में भूजल स्तर में गिरावट के बाद लोगों के बीच पेयजल की चिंता बढ़ रही है। देश में वर्षापात की कमी भी लगातार देखी जा रही है। पिछले तीस वर्षों में राज्य में वार्षिक वर्षापात 1027 मिलीमीटर से घटकर 900 मिलीमीटर रह गया है। इस स्थिति में खेत एवं किसान की चिंता की वास्तविक स्थिति का अंदाजा लगा सकते हैं। उस पर बढ़ते तापमान के कारण किसानों की फसलों की उत्पादकता प्रभावित हो रही है। बिहार के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि क्षेत्र का योगदान महत्वपूर्ण है इस स्थिति में बिहार के लिए चिंता भी व्यापक है।

अभियान का उद्देश्य...जल-जीवन-हरियाली अभियान का मुख्य उद्देश्य

विकास का रास्ता प्रकृति के विनाश से होकर गुजर रहा...

जल-जीवन-हरियाली

जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों से कारगर ढंग से निपटने, पारिस्थितिकीय संतुलन बनाए रखने, पर्याप्त जल उपलब्धता सुनिश्चित करने, वन आच्छादन को बढ़ावा देने, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग एवं ऊर्जा की बचत पर बल देने और बदलते पारिस्थितिकीय परिवेश के अनुरूप कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों को नया स्वरूप प्रदान करना है। राज्य में हरित आवरण को बढ़ाने के लिए 24 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य के विपरीत 19 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं।

सभी सरकारी भवनों पर सौर ऊर्जा के लिए सोलर प्लेट लगाने और वर्षा जल संचयन के लिए इंतजाम करने का निर्देश पूर्व में ही दिया जा चुका है। इसपर गंभीरता से काम किया जा रहा है। बिहार सरकार का संकल्प है कि जीवन में खुशहाली तब तक, जल-जीवन-हरियाली जब तक...। देश भर में किसी राज्य ने जलवायु परिवर्तन की गंभीरता को नहीं समझा या अगर समझा तो उन्होंने गंभीर प्रयास नहीं किया। मुख्यमंत्री लगातार खुले मंचों से कहते रहें हैं कि बिहार जो आज करता है उसे सभी राज्य बाद में अमल में लाते हैं।

विकास का रास्ता प्रकृति के विनाश से होकर गुजर रहा...।

पेड़ों को काटकर और प्रकृति का विनाश कर विकास का सफर शुरु तो कर दिया गया लेकिन इसके गंभीर परिणाम सामने आने लगे हैं। मुख्यमंत्री का जल-जीवन-हरियाली अभियान कई अर्थों में पारिस्थितिकीय खतरों से निपटने में सक्षम हो सकता है। इस अभियान की वज़ह से लोगों में थोड़ी बहुत जागरुकता भी आई है लेकिन नतीजों के बेहतर परिणाम निकलने के लिए इसका व्यापक स्तर पर अमल में लाना जरूरी है। आज जब देश के सामने जलवायु परिवर्तन से उपजे गंभीर परिणाम सामने आ रहे हैं तो लोगों को पेड़ लगाने की याद आ रही है।

बिहार हमेशा से देश को राह दिखाता रहा है। मुख्यमंत्री का विज़न एक मजबूत, स्वच्छ और स्वस्थ बिहार के निर्माण से जुड़ा है। जल-जीवन-हरियाली अभियान की व्यापकता और इसके महती उद्देश्यों को अगर सही से अपनाया जाए तो हम जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए खुद को तैयार कर सकते हैं। सड़कों के दोनों ओर पौधे लगाने, स्टेट एवं नेशनल हाइवे के बीचों बीच पेड़ लगाने, निजी आवासों अथवा अपार्टमेंटों के निर्माण में वर्षा जल संचयन की व्यवस्था करने और सोलर प्लेट लगाने पर कई छूट उपलब्ध कराने जैसी पहल से बिहार की स्थिति पहले से काफी बेहतर हुई है।

बिहार की सार्थक पहल की चर्चा से हर बिहारी को हुआ गर्व...यूनाइटेड नेशंस में मुख्यमंत्री के जिस प्रयास की प्रशंसा हुई हो उसपर हर बिहारी को गर्व करना चाहिए। हर बिहारी का भी ये कर्तव्य हो कि मुख्यमंत्री के इस कदम को हर तरह से समर्थन और सहयोग प्रदान करें। मुख्यमंत्री के प्रयासों में कुछ कमी रह सकती है लेकिन नीयत में कोई कमी नहीं दिखती।

महत्वपूर्ण बात ये है कि प्रशासनिक तंत्र इस दायित्व को निभाए और उनके निर्णयों को अक्षरशः लागू कराए। आने वाले समय में लगातार बढ़ते तापमान के लिए अधिकाधिक पेड़ों को लगाने के साथ ही प्राकृतिक जल स्त्रोतों को कब्जामुक्त करना हमारी प्राथमिकता में शामिल हो।

जानकारों का कहना है कि अगर पांच सौ से हज़ार पेड़ एक जगह लगाए जाएं तो आसपास के वातावरण में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी देखी जाती है। इस तरह से बिहार में नए बनने वाले अपार्टमेंटों में अब आधे एरिया को ग्रीन एरिया में कनवर्ट करने का प्रचलन शुरु हुआ है। पटना में कई सड़कों के बीचों बीच पौधारोपण करने के साथ ही नेहरू पथों पर बड़े गमले लगाए गए हैं। जल-जीवन-हरियाली दिवस मनाने की परंपरा शुरु की गई है ताकि इससे जुड़े सभी विभागों में जागरुकता और जानकारी साझा की जा सके। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग लगातार जनहित में इस अभियान को प्रचारित-प्रसारित करा रहा है। विभाग अपने सोशल मीडिया पेज के जरिए इससे जुडी हर गतिविधि को करोड़ों लोगों तक पहुंचा रहा है। अब ये समय आग गया है कि हम इस विषय को अपनी ज़िंदगी का हिस्सा समझें। आज हम पीने के लिए बोतलबंद पानी का इस्तेमाल करने लगे हैं। भीषण गर्मी से बचने के लिए एयर कंडीशन का उपयोग कर रहे हैं और ये अचरज की बात नहीं होगी कि अगले कुछ वर्षों में हम ऑक्सीजन सिलेंडर की भी खरीददारी करने लगे और कंपनियां इसे भी डिब्बे में बेचने लगे। हमने अपनी दुनिया को ऐसा बना दिया है जहां से अब वो हमें अपनी पीड़ा लौटा रहा है। अगर देश और राज्य को इस खतरे से बचाना है तो जल-जीवन-हरियाली अभियान से बेहतर कोई दूसरा विकल्प नहीं दिखता।

- आनंद कौशल,
वरिष्ठ टीवी पत्रकार एवं मीडिया स्ट्रैटजिस्ट

विप्र फाउण्डेशन युवा प्रकोष्ठ (जोन-1।) के

प्रदेश अध्यक्ष बने चित्तोड़गढ़ के विकास शर्मा, उदयपुर के राजेश मेनारिया उपाध्यक्ष

उदयपुर। विप्र फाउण्डेशन (जोन-1।) के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र पालीवाल ने वर्ष 2024-26 की कार्यकारिणी के लिये युवा प्रकोष्ठ के पदों पर नियुक्ति की है। उदयपुर (प्रदेश महामंत्री जोन-1 ।) के प्रदेश महामंत्री राकेश जोशी ने बताया कि विप्र फाउण्डेशन युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष पद पर विकास शर्मा (चित्तौडगढ़) तथा युवा प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर राजेश मेनारिया (उदयपुर) को नियुक्त किया है। इनके अलावा जसपाल नागदा (उदयपुर) एवं श्री प्रज्ञेश पंडया (बांसवाड़ा) को प्रदेश महामंत्री पद पर मनोनीत किया है। नरेंद्र पालीवाल ने बताया कि सभी पदाधिकारी पिछले कई वर्षों से सामाजिक क्षेत्र में एव संगठनों में अपनी सेवाएं दे रहें हैं तथा संगठन में अनेक पदों पर अपने दायित्वों का निर्वाह कर चुके है। इनके उत्कृष्ठ कार्यों एय संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए इन्हे मनोनीत किया गया है। पालीवाल ने सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को अपने जोन में संगठन की कार्यकारिणी बनाने के भी निर्देश दिये है। सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को विप्र फाउंडेशन की ओर से शुभकामनाएं दी गई है।

मीणा की पुस्तक का विमोचन

उदयपुर। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन अध्ययन महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ विनोद कुमार मीणा की पुस्तक इमर्जिंग टेक्नोलॉजी इन कॉमर्स, मैनेजमेंट एंड सोशल साइंसेज का विमोचन कॉमर्स कॉलेज के अधिष्ठाता एवं फैकल्टी चेयरमैन प्रोफेसर बी. एल. वर्मा ने किया। डॉ विनोद के मीणा द्वारा रचित पुस्तक वर्तमान परिपेक्ष्य में नवाचारों को प्रतिबिंबित करती हैं। यह पुस्तक वाणिज्य, प्रबंधन एवं सामाजिक विज्ञान में आने वाली प्रौद्योगिकी , शैक्षिक अनुसंधान के बारे में इंगित कर राष्ट्र और समाज को दिशा निर्देशित करती है।

भूमिका ग्रुप की पहल, उदयपुर को मिला सबसे बड़ा 6 स्क्रीन मल्टीप्लेक्स पीवीआर आईनॉक्स

उदयपुर, 30 मई (निसं)। अर्बन स्क्वायर मॉल दर्शकों द्वारा सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला शॉपिंग और मनोरंजन केंद्र है। मॉल में सबसे बड़ा 6 स्क्रीन वाला मल्टीप्लेक्स पीवीआर आईनॉक्स खुल गया है। यह शहर के मनोरंजन परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। 40,000 स्क्वायर फीट के लिजेबल एरिया के साथ, पीवीआर आईनॉक्स फि ल्म देखने वालों को एक अद्वितीय सिनेमाई अनुभव का वादा करता है। जिसमें 1009 लोगों की बैठने की क्षमता है। भव्य उद्घाटन समारोह में सम्मानित मुख्य अतिथि भूमिका पोद्दार और उदयपुर के कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल उपस्थित थे, जिन्होंने अर्बन स्क्वायर मॉल के मनोरंजन परिदृश्य में इस महत्वपूर्ण बदलाव के लिए अपना उत्साह व्यक्त किया।। पीवीआर आईनॉक्स को लेकर लोगों के बीच भी उत्साह देखने को मिल रहा है, स्थानीय निवासियों ने खुशी जाहिर की है।

भूमिका ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर उद्धव पोद्दार ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि हम उदयपुर के पहले 6 स्क्रीन मल्टीप्लेक्स पीवीआर आईनॉक्स को पेश करते हुए बेहद रोमांचित हैं। अर्बन स्क्वायर मॉल का लक्ष्य हमेशा दर्शकों को मनोरंजन में सर्वश्रेष्ठ प्रदान करना रहा है।

- फिर आयड़ नदी पहुंचे शहर विधायक, देखा आयड़ नदी के सौन्दर्यीकरण के कामों को

कुछ जगहों पर निर्माण क्वालिटी पर जताया आक्रोश, नदी किनारे पर छायादार पेड़ लगाने के निर्देश

उदयपुर, 30 मई (नसं)। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन गुरूवार को फिर से आयड़ नदी पहुँचे और वहां पर हो रहे सौन्दर्यीकरण के कामों का जायजा लिया। इस दौरान विधायक जैन और स्मार्ट सिटी के सीईओ (अतिरिक्त प्रभार) प्रदीप सिंह सांगावत करीब तीन किलोमीटर तक आयड़ नदी में पैदल चलकर निर्माण कार्य देखे। आयड़ नदी में कुछ स्थानों पर निर्माण की क्वालिटी सही नहीं होने पर विधायक जैन ने आक्रोश जताया। साथ ही नदी के किनारे लगाए गए पत्थरों की मोटाई मापदण्ड के अनुसार नहीं होने पर उन्हें हटाकर निर्धारित मापदण्ड की मोटाई के पत्थर लगाने के निर्देश दिए।

उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन और भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमली गुरूवार सुबह पुलां स्थित आयड़ पहुंचे। यहां पर स्मार्ट सिटी सीईओ (अतिरिक्त प्रभार) प्रदीप सिंह सांगावत के साथ-साथ स्मार्ट सिटी के अभियंता दिनेश पंचोली मौजूद थे। पुलां स्थित आयड़ नदी से शहर विधायक जैन और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने चल रहे सौन्दर्यीकरण के के कामों का निरीक्षण शुरू किया। पुलां नदी में गंदगी और प्लास्टिक की थैलियां देखकर शहर विधायक ताराचंद जैन ने नाराजगी जताई तो अधिकारियों ने बताया कि पुलां के पीछे के क्षेत्र में सिवरेज नहीं है, जिस कारण से यह गंदगी आ रही है।

स्मार्ट सिटी के सांगावत ने बताया कि यहां पर निगम के माध्यम से सफाई चाहिए। इस पर ताराचंद जैन ने पुलां और उसके पीछे के क्षेत्र में नदी की सफाई यूडीए से करवाने और गुमानिया वाले नाले में गंदगी की सफाई निगम करवाने के लिए अधिकारियों को कहा। पुलां से पैदल चलते-चलते शहर विधायक, भाजपा के नेता और स्मार्ट सिटी व निगम के अधिकारी कृष्णपुरा तक पहुंचे। इस दौरान नदी के किनारे पर सूखी घास पर विधायक जैन ने सवाल किया तो स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने शीघ्र ही नई हरी घास लगाने के लिए कहा। इस दौरान नदी किनारे लग रहे पत्थर की मोटाई मापदण्ड के अनुसार नहीं थी। मापदण्ड में 80 मिलीमीटर का पत्थर लगाना था पर अधिकांश जगह पर 40 मिलीमीटर के ही पत्थर लगे थे, जिस पर विधायक ने ताराचंद जैन ने इन पत्थरों को तत्काल बदलने के लिए निर्देश दिए। इसके साथ ही नदी के दोनों किनारें पर छायादार पेड़ लगाने के निर्देश दिए ताकी नदी की खुबसूरती बढ़े।

पुलां से आयड़ नदी में पैदल चलते-चलते शहर विधायक ताराचंद जैन कृष्णपुरा तक पहुँचे और इस दौरान विधायक ने अधिकारियों को नदी के साईडों में बैंच लगाने ताकी वॉक करने आए शहरवासी बैठ सकें। कृष्णपुरा से वे सीधे अशोक नगर श्मशान पहुंचे, जहां पर श्मशान के पास से नदी में उतरे और वहां पर चल रहे निर्माण को देखा। इस दौरान एक दीवार की क्वालिटी सही नहीं होने पर विधायक जैन ने स्मार्ट सिटी के अभिंयता दिनेश पंचोली के समक्ष आक्रोश जताया और इस निर्माण को पुनः करवाने के निर्देश दिए। अशोक नगर श्मशान की ओर विधायक जैन ने करीब 10 फीट की ऊंचाई तक जाली लगाने के निर्देश दिए ताकी श्मशान से नदी में कोई वस्तु ना फैंक सके। वहां से अशोक नगर श्मशान के पास से पैदल-पैदल चलते हुए विधायक जैन, भाजपा के पदाधिकारी, स्मार्ट सिटी व निगम के अधिकारी आयड़ पुलिया तक पहुँचे। इस दौरान ताराचंद जैन ने स्मार्ट सिटी सीईओ (अतिरिक्त प्रभार) प्रदीप सिंह सांगावत को नदी के रास्ते में जगह-जगह पर नदी में आने के लिए छोटे-छोटे रास्ते रखने के साथ-साथ ही नदी की दीवार जहां - जहां से क्षतिग्रस्त नजर आई उसे ठीक करवाने के लिए निर्देश दिए। विधायक जैन ने स्मार्ट सिटी सीईओ (अतिरिक्त प्रभार) प्रदीप सिंह सांगावत को फेंसिग भी करवाने के लिए कहा। इस दौरे में शहर विधायक ताराचंद जैन के साथ शहर भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र श्रीमाली, स्मार्ट सिटी सीईओ (अतिरिक्त प्रभार) प्रदीप सिंह सांगावत, स्मार्ट सिटी के अधीक्षण अभियंता दिनेश पंचोली, निगम के अधिशाषी अभियंता रितेश पाटीदार, निगम में निर्माण समिति अध्यक्ष सीए आशीष कोठारी, पार्षद मुकेश शर्मा, भाजपा नेता नानालाल वया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

करीब तीन किलोमीटर तक पैदल घूमकर देखे आयड़ के सौन्दर्यीकरण के कामों को

नदी पेटे में दिए पट्टों को निरस्त करने के निर्देश: शहर विधायक ताराचंद जैन के आयड़ में पैदल घूमकर नदी के विकास के कामों का निरीक्षण के दौरान आयड़ नदी पेटे में कुछ मकान देखे तो अधिकारियों से पूछा।

इस अधिकारियों ने बताया कि इन मकानों को निगम ने पट्टे दे रखे है। इस पर विधायक ताराचंद जैन ने महापौर जीएस टांक को फोन कर इन पट्टों की पुनः जांच करवाने और निरस्त करने के निर्देश दिए।

शहर विधायक ताराचंद जैन करीब तीन किलोमीटर तक आयड़ नदी में घूमे। पुलां से आयड़ नदी में उतरकर निर्माण कार्यों का जायजा लेते पैदल-पैदल कृष्णपुरा तक आए। इसके बाद पुनः अशोक नगर श्मशान के पास से आयड़ नदी में उतरे जो आयड़ पुल तक पैदल चले। इस दौरान सभी अधिकारी और भाजपा नेता भी पैदल साथ पैदल चले।

राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आगाज़ पलछिन जाट ने दिलाया उदयपुर को रजत पदक

उदयपुर, 29 मई (नसं)। लक्ष्मण उस्ताद अर्जुन उस्ताद की स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय अंडर 17 कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन जिला कुश्ती संघ उदयपुर की और से किया गया राजस्थान कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष मांगीलाल कटारिया ने बताया प्रतियोगिता के उद्धघाटन मेवाड़ महामंडलेश्वर श्री रासबिहारी जी शरण शास्त्री द्वारा किया गया मुख्य अतिथि उदयपुर के ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा थे अध्यक्षता विद्यापीठ के वाइस चांसलर करनल प्रो. शिव सिंह सारंगदेवत ने की विशिष्ट अतिथि वीरमदेव सिंह कृष्णावत, पृथ्वीराज उस्ताद, राधेश्याम आर्य, उमेद सिंह झांझरिया, भंवर सिंह चौहान, थे आयोजन सचिव डॉ.हरीश राजोरा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राजस्थान के 400 से ज्यादा पहलवानो ने भाग लिया निर्णायक मंडल में रामनिवास गुर्जर, रविंद्र कुमार, सत्य प्रकाश, योगेंद्र सेन, लीलाधर पालीवाल, करण पुरी गोस्वामी,मंगेज गुर्जर का पेनल था राजस्थान के कई जिलों के सचिवों ने भी शिरकत की दिनांक 30 मई को महिला वर्ग की कुश्तियां व ग्रीको रोमन की कुश्तिया हुई जिसका महिला वर्ग मै परिणाम निम्न रहा 40 किलोग्राम में प्रथम सुनीता चुरु

43 किलोग्राम में प्रथम कशिश गुर्जर भीलवाड़ा, 46 किलोग्राम में प्रथमकोमल सीकर 49 किलोग्राम में प्रथम एकता चूरू 53 किलोग्राम में प्रथम बबली भरतपुर 57 किलोग्राम में प्रथम कविता माली भीलवाड़ा 61 किलोग्राम में प्रथम योगीता सीकर 65 किलोग्राम में प्रथम अश्वनी भीलवाड़ा 69 किलोग्राम में प्रथम पलक जोधपुर 73 किलोग्राम में प्रथम कीर्ति अजमेर सभी महिला विजेता पहलवान को कौसर अली की ओर से 300 रुपए का नगद पुरस्कार दिया गया प्रतियोगिता उदयपुर के पीएम श्री फतेह उच्च माध्यमिक विद्यालय मै आयोजित की जा रही है कुश्ती प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय नियम के अनुसार हो रही है सभी विजेता पहलवान इस प्रतियोगिता में 7 जून को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय चयन प्रतियोगिता दिल्ली में भाग लेंगे। यह जानकारी आयोजन सचिव डॉ. हरीश राजोरा ने दी !

वी के साथ आओ करें नेटफ्लिक्स

उदयपुर, 30 मई (निसं)। जाने -माने टेलीकॉम ऑपरेटर वी ने आज ग्लोबल स्ट्रीमिंग सेवा प्रदाता नेटफ्लिक्स के साथ साझेदारी की घोषणा की है. इसके साथ कंपनी ने अपने उपभोक्ताओं के लिए मनोरंजन की पेशकश को और अधिक मजबूत बना लिया है। इस साझेदारी के तहत वी के यूज़र अपनी पसंद की किसी भी डिवाइस - मोबाइल, टेलीविज़न या टैबलेट पर सर्वश्रेष्ठ स्ट्रीमिंग के साथ विश्वस्तरीय मनोरंजन का लाभ उठा सकेंगे। वर्तमान में वी अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए नेटफ्लिक्स की पेशकश लेकर आया है और जल्द ही पोस्टपेड प्लान्स के साथ भी इन सेवाओं का लॉन्च करेगा। ढेरों लोकल एवं ग्लोबल स्टोरीज़ जैसे हीरामंडी: द डायमंड बाज़ार, अमर सिंह चमकीला, द ग्रेट इंडियन कपिल शो, लापता लेडीज़, एनिमल, फाइटर डनकी, स्क्विड गेम, ब्रिजरटन, मामला लीगल है आदि के साथ, भारत में नेटफ्लिक्स ने हाल ही में अपने पावर-पैक्ड 2024 लाईनअप की घोषणा की है, जिसके तहत दर्शकों के लिए फिल्मों एवं सीरीज़ की व्यापक रेंज पेश की गई है। वी नेटफ्लिक्स बेसिक सब्सक्रिप्शन के साथ अनलिमिटेड कॉल्स एवं डेटा से युक्त दो नए अनलिमिटेड प्रीपेड पैक लेकर आया है, जिसके द्वारा यूज़र अपने मोबाइल एवं टीवी पर नेटफ्लिक्स देख सकते हैं।

भीषण गर्मी में राहत बनी संवेदनशील नेतृत्व की छांव, आमजन के साथ मूक पशुओं और पक्षियों तक का रख रहे ध्यान, हीटवेव में जनता के साथ खड़े नजर आ रहे शासन और प्रशासन, अधिकारी दिन- रात जुटे हैं फील्ड में

मुख्यमंत्री ने स्वयं दौरे कर जाने हालात

उदयपुर, 29 मई (सूजस)। प्रदेश भर में भीषण गर्मी का दौर है। सूर्यदेव अपने पूर्ण तेज पर हैं। दिन-ब-दिन पारा अपने पुराने रिकार्ड तोड़ रहा है। गर्मी के ऐसे विकट हालातों के बावजूद प्रदेश का संवेदनशील नेतृत्व न केवल आमजन अपितु मूक पशुओं और पक्षियों के लिए भी राहत भरी छांव बना हुआ है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा गर्मी के इस दौर में आमजन की तकलीफों को समझते हुए प्रदेश में बिजली-पानी की सुचारू आपूर्ति तथा स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

परिणाम स्वरूप रिकार्ड गर्मी के बावजूद प्रदेश में हालात नियंत्रण में हैं। प्राकृतिक विषमताओं के चलते राजस्थान में गर्मी का दौर प्रति वर्ष तेज रहता है। प्रति वर्ष ग्रीष्म ऋतु में बिजली-पानी के संकट के हालात बनते हैं। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने दूरदर्शिता रखते हुए जनवरी-फरवरी माह में ही सभी अधिकारियों को कंटीजेंन्सी प्लान को लेकर अलर्ट कर दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देश पर राज्य एवं जिला स्तर पर कंटीजेंसी प्लान कर प्रस्ताव प्रेषित कर दिए गए। सरकार ने लोकसभा चुनाव की व्यस्तता बढ़ने से पहले ही सभी जिला कलक्टर्स को कंटीजेंसी बजट आवंटित कर समय रहते आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत दी। जैसे ही गर्मी का प्रकोप तेज हुआ बिजली-पानी व चिकित्सा सेवा से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश निरस्त करते हुए उन्हें आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिला कलक्टर्स ने भी साप्ताहिक/पाक्षिक स्तर पर समीक्षा बैठकें कर बिजली-पानी की निर्बाध आपूर्ति और चिकित्सा सेवाओं को लेकर जरूरी व्यवस्था कराई। शासन और प्रशासन के समन्वित प्रयासों के चलते हीटवेव में भी स्थितियां विकट नहीं हुई और आमजन के साथ-साथ जीव मात्र से राहत अनुभव कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री खुद ले रहे फीडबैकः मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा हीटवेव के इस दौर में खुद जनता के बीच जाकर फीडबैक ले रहे हैं। वे लगातार आमजन से संपर्क में रहकर पेयजल, बिजली की स्थिति की जानकारी ले रहे हैं।

पशुओं के चारे-पानी की व्यवस्था की मोनिटरिंग कर रहे हैं। मुख्य सचिव सहित उच्चाधिकारियों से प्रतिदिन की स्थिति की जानकारी लेकर आमजन को अधिक से अधिक राहत पहुंचाने के लिए निर्देशित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री प्रदेश में पेयजल और बिजली की मांग और आपूर्ति पर पैनी नजर रखे हुए हैं। उर्जा विभाग को आवश्यकतानुसार बिजली क्रय करते हुए आमजन को उपलब्ध कराने के लिए निर्दशित कर रखा है। हीटवेव के बीच बिजली-पानी, स्वास्थ्य सेवाओं आदि की समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री शुक्रवार को प्रदेश भर के जिला कलक्टर्स के साथ वीसी के माध्यम से रूबरू होंगे।

प्रति सप्ताह मुख्य सचिव स्तर पर समीक्षाः सरकार गर्मी के दौर में आमजन को राहत पहुंचाने को लेकर कितनी संवेदनशील है, उसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मुख्य सचिव सुधांश पंत लगातार मोनिटरिंग कर रहे हैं।

मुख्य सचिव ने प्रति सप्ताह वीसी के माध्यम से बैठक लेकर सभी जिलों में बिजली-पानी की सुचारू आपूर्ति और चिकित्सा व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराया। इसके अलावा सचिवालय स्तर के अधिकारी भी निरंतर अपने-अपने विभागों की व्यवस्थाओं को चाकचौबंद रखने में लगे हुए हैं।

जनता के बीच पहुंचे अधिकारीः मुख्यमंत्री के निर्देश पर ब्लॉक से लेकर राज्य स्तर के अधिकारी लगातार फील्ड में जाकर आमजन की समस्याओं से रूबरू हो रहे हैं तथा उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, शासन सचिव आदि लगातार जिलों के दौरे कर रहे हैं। वहीं संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर, एसडीएम, तहसीलदार आदि भी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन से मिलकर उनकी तकलीफों को हाथों हाथ दूर करने के प्रयासों में जुटे हैं। उदयपुर जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने न केवल शहरी क्षेत्र अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में भी पेयजल के समय निरीक्षण कर स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को यथासंभव आमजन को राहत उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। इसके अलावा अस्पतालों में हीटवेव और मौसमी बीमारियों के मद्देनजर सभी तरह की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई गई हैं।

मूक पशुओं और पक्षियों को भी राहतः राज्य सरकार मूक पशुओं और पक्षियों के प्रति भी पूर्ण संवेदनशील है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश भर में पशुओं के लिए खेलियां बनाकर उनमें नियमित पानी भरने, मवेशियों के लिए चारे की व्यवस्था किए जाने तथा पक्षियों के लिए भी दाने-पानी की व्यवस्था की जा रही है।

नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों के माध्यम से शहर, गांव व कस्बों में जगह-जगह छाया-पानी की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी को परेशानी नहीं हो। - **विनय सोमपुरा**

लायन्स एरिस्टोक्रेट 24-25 कार्यकारिणी

वैष्णव अध्यक्ष, सुहालका सचिव, लायन मेमूना खान कोषाध्यक्ष बनी

उदयपुर, 30 मई (विप्र)। लायन्स क्लब एरिस्टोक्रेट की नवीन कार्यकारिणी पूर्व प्रान्तपाल अरविन्द शर्मा की उपस्थिति में निर्वाचित की गई। पूर्व अध्यक्ष लायन भूपेन्द्र वर्मा ने कार्यकारिणीकी घोषणा की।

लायन शैलेश व्यास की और से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

सेवा प्रकल्पों को लेकर ओबीसी मोर्चा की बैठक संपन्न

उदयपुर 30 मई (निसं)। सेवा परमो धर्म 1001कमल परिंडे लगाने का लिया प्रण भाजपा ओबीसी मोर्चा शहर जिला सेवा परमो धर्म कमल प्याऊ व परिण्डा भाजपा ओबीसी मोर्चा के समस्त जिला पदधिकारियो ,मंडल अध्यक्षोने भीषण गर्मी में जल प्याऊ एवं परिण्डा अभियान हेतु भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री चम्पालाल जी गेदर द्वारा संम्भाग वार कार्यक्रम संयोजकों की नियुक्ति पश्चात मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष भाई साब जगदीशजी सुथार,मोर्चा प्रदेश सदस्य व इस कार्यक्रम सह्योजक गणेशलाल प्रजापत की उपस्थिति में बैठक रक्खी गई है।

संयोजक जगदीश सुथार व गणेश लाल प्रजापत ने आगामी 2 सप्ताह में जिला व सभी मंडलो में पियाऊ व परिंडे लगाकर नियमित पानी की व्यस्था भी करने की सौगंध दिलाई। बैठक में आगामी 15 दिनों में सभी मंडलो में 1001 परिंडे लगाये जाने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा शहर जिला अध्यक्ष बाबुलाल ओड़ ने की व संचालन महामंत्री रामलाल साहू ने किया व धन्यवाद कमलेश प्रजापत ने दिया।

अंतराष्ट्रीय योग का सहेलियों की बाड़ी में 2 जून को होगा पूर्वाभ्यास

उदयपुर, 30 मई। (सूजस)। आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए तैयारियां जारी हैं। जिला प्रशासन, आयुर्वेद विभाग, राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिंधी बाजार, पतंजलि योग समिति उदयपुर, एवं अन्य सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में 2 जून, रविवार को प्रातः 6:30 बजे से सहेलियों की बाड़ी में योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास करवाया जाएगा।

सिन्धी बाजार औषधालय में निरंतर किया जा रहा है प्रोटोकोल का पूर्वाभ्यास

इस पूर्वाभ्यास में आमजन व योग प्रेमी भाग ले सकते हैं। आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ राजीव भट्ट ने बताया की राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिन्धी बाजार में प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक निरंतर योग प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास किया जा रहा है। साथ ही उदयपुर जिले में कार्यरत प्रशिक्षित योगाचार्य द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर भी प्रतिदिन योग के प्रोटोकॉल का पूर्वाभ्यास करवाया जा रहा है।

आमजन एवं योग प्रेमी इसमें भाग ले सकते है। वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी एवं योग समन्वयक डॉ. शोभालाल औदीच्य ने बताया कि इस वर्ष का थीम महिला सशक्तिकरण के लिए योग पर आधारित है। इसमें महिला संगठनों से बढ़-चढ़ कर भाग लेने की अपील की गई है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक रविवार को शहर के ऐतिहासिक स्थलों पर पर्यटन स्थलों पर योग के आयोजन होंगे। सन कोलेज की सहायक प्रोफेसर डॉ शुभा सुराणा द्वारा रविवार को सहेलियों की बाड़ी में योग प्रोटोकोल का पूर्वाभ्यास करवाया जायेगा ।

संयुक्त निदेशक ने जिला व ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालयों का किया निरीक्षण

उदयपुर, 30 मई (सूजस)। आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, जयपुर के संयुक्त निदेशक रमेश कुमार यादव ने जिला सांख्यिकी कार्यालय उदयपुर एवं ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय झाडोल एवं फलासिया का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उदयपुर जिला सांख्यिकी कार्यालय के सहायक निदेशक पीयूष कुमार भण्डारी ने विभागीय कार्यों की प्रगति से अवगत करवाया। संयुक्त निदेशक एवं उदयपुर जिला प्रभारी रमेश कुमार यादव ने विभाग के सभी अधिकारियों एवं कार्मिको के साथ समीक्षा बैठक ली एवं जिले के विभागीय कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतो के शत प्रतिशत समाधान एवं पहचान पोर्टल पर लंबित ई-साईन प्रकरण, जन आधार हेल्प डेस्क के माध्यम से जन आधार योजना के समस्या समाधान, प्रकाशन, एसडीजी, एएसआई, स्थानीय निकाय लेखे, जन्म- मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण, ई-ग्राम, कृषि समंक, फसल कटाई प्रयोग एवं संस्था आधार आदि विभागीय कार्यों पर चर्चा कर प्रगति रिपोर्ट ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ब्लॉक सांख्यिकी कार्यालय, झाडोल एवं फलासिया के निरीक्षण के दौरान यादव ने आम जन से जुड़ी योजनाएं जन आधार, जन्म मृत्यु विवाह पंजीयन एवं पहचान पोर्टल पर पेडींग ई-साईन प्रकरणो के निस्तारण के निर्देश दिए, साथ ही स्थानीय निकायों के लेखे, ई-ग्राम परियोजना, ब्लॉक प्रकाशन आदि कार्यों की समीक्षा की गई। यादव ने भीषण गर्मी को देखते हुए कार्यालय परिसर में पौधरोपण करने और पक्षियों के लिए परिंडे लगाने के निर्देश दिए।

ईएमआरएस विद्यार्थियों के लिए 7 दिवसीय आवासीय कार्यक्रम जयकार का समापन

खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष के रोचक तथ्यों के बारे में जानकर अभिभूत हुए प्रतिभागी

उदयपुर, 30 मई। जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय आदिवासी शिक्षा सोसायटी और इसरो तथा ईएमआरएस सोसायटी जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में राजस्थान के उदयपुर जिले की ईएमआरएस दादिया और ऋषभदेव के ईएमआरएस 40 विद्यार्थियों के लिए 7 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम जयकार का समापन गुरुवार को हुआ। समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ अमृता दाधीच रही, कार्यक्रम में संयोजक बृजमोहन डामोर, सहसंयोजक गणेश अहारी, समन्वयक राकेश परमार एवं मुकेश मीणा आदि उपस्थित रहें।

इन 7 दिनों के दौरान, निम्बस एजुकेशन की टीम-मनीष पुरोहित (पूर्व इसरो वैज्ञानिक), भव्य बापना (पूर्व विश्लेषक गोल्डमैन) और डॉ इंदु बाला पूर्व प्रिंसिपल, एमएलवी स्कूल, ने व्याख्यान, व्यावहारिक गतिविधियों और समूह गतिविधियां आयोजित की। खगोल विज्ञान, इसरो के मिशन जैसे चंद्रयान 3 और आदित्य एल 1, सैटेलाइट डिजाइन, रॉकेट टेक्नोलॉजी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स के साथ-साथ टेलीस्कोप, सैटेलाइट डिजाइन सॉफ्टवेयर, रॉकेट डिजाईन सॉफ्टवेयर, वाटर रॉकेट्री, सनडायल, प्लैनिस्फेयर, स्टॉर क्लॉक और बाधा से बचने वाले रोवर, लाइन फॉलोइंग रोबोट, लाइव स्ट्रीमिंग के साथ क्यूबसेट, क्युबसेट में इस्तेमाल किए जाने वाले विभिन्न सेंसर पर व्यावहारिक गतिविधियों के बारे में सत्र आयोजित किए गए। टीएडी के एडीईओ अनुराग मेडतवाल ने बताया की विद्यार्थियों को बैग, इसरो टीशर्ट और इसरो कैप सहित कई खगालीय किट दिए गए। विद्यार्थियों ने पूरे सात दिवसीय शिविर में लग्न एवं उत्साह के साथ अपनी भागीदारी निभाई तथा खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष के क्षेत्र में अपना कैरियर और भविष्य निर्माण के बारे में आगे बढ़ाने हेतु कई प्रकार के जिज्ञासु प्रश्न किए तथा इस क्षेत्र में अपना करियर बनाने का दृढ़ संकल्प लिया।

जिला अग्रवाल सम्मेलन महिला समिति द्वारा किया गया सेवा कार्य, पक्षियों को डाले दाने, गौशाला में किए पंखे भेंट

उदयपुर 30 मई (निसं)। उदयपुर जिला अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्षा सुधा अग्रवाल ने बताया कि बैसाखी पूर्णिमा के उपलक्ष्य में बलिचा स्थित पशुपति कल्याण परिषद गौशाला में गायों को गर्मी से राहत देने के लिए गौशाला में 11 पंखे भेंट किए गए साथ ही गायों के लिए 12000 रु का चारा भी डलवाया गया । इस अवसर पर महिलाओं ने गायों को चारा व गुड अपने हाथों से खिलाया।

प्रचार व प्रसार मंत्री नीतू गुप्ता ने बताया की महिला समिति पिछले तीन वर्षो से गौशाला में गायों के लिए चारा पानी डलवा रही है और समय समय पर विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य करती आ रही है।

इस भीषण गर्मी में मूक पशुओं के लिए पंखे भेंट कर उनको गर्मी से बचाव में संपूर्ण सहयोग महिला समिति द्वारा किया गया।

महामंत्री पुष्पलता तायल ने बताया कि इससे पूर्व प्रातः 7 बजे रानी रोड स्थाई महाकालेश्वर मन्दिर परिसर में महिला समिति द्वारा कबूतरों को दाना खिलाया गया।

इस अवसर पर पश्चिमी राजस्थान अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष के के गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश अग्रवाल उपाध्यक्ष मदनलाल अग्रवाल,वीणा अग्रवाल जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल प्रेम अग्रवाल ,ज्ञानेश्वर अग्रवाल, अजय गर्ग,अखिलेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, पूनमचंद अग्रवाल उपस्थित रहे । महिला समिति की संरक्षक सुशीला के के गुप्ता ,मीता गोयल ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुसुम मेडतिया,रमा मित्तल,उपाध्यक्ष शारदा अग्रवाल ,कोषाध्यक्ष लीना अग्रवाल सांस्कृतिक मंत्री रेखा अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य सपना गुप्ता ,दीपिका अग्रवाल, अमीता भण्डारी ,मनीता गुप्ता ,निशा गुप्ता, विणा खेरवाड़ा ,हेमा तेग्या, सन्तोष अग्रवाल, रितु नवीन अग्रवाल, रितु अंजय अग्रवाल,रेखा अग्रवाल,गीता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, सुशीला नेवटीया, निशा प्रदीप अग्रवाल, सुशीला गाडोदिया, सोनाली बंसल, भगवती अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, अभिलाषा गर्ग की उपस्थित रही महिला समिति द्वारा आगे भी कई सेवा कार्यों को करने का निर्णय लिया गया।

राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्तदान

उदयपुर, 30 मई। राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, उदयपुर में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी रवि बमनावत ने बताया कि ब्लड बैंक, एम.बी., उदयपुर द्वारा ब्लड संग्रहण किया गया। इसमें 51 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। संस्थान प्राचार्य डॉ. सैयद इरशाद अली ने अतिथियों का स्वागत किया। एमबी से आए मुख्य अतिथि डॉ. अभिषेक छोलक, डॉ. संदीप एवं काउंसलर प्रमोद कुमार सिंह ने रक्तदान की महत्ता व रक्तदान संबंधी नियम से अवगत कराया। मंच संचालन महाविद्यालय की प्रवक्ता श्रीमती नन्दिनी सिंह ने किया। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए आमजन को जीवन में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के विनोद कोठारी ने सभी रक्तदाताओं का आभार जताया।

फील्ड क्लब क्रिकेट कार्निवलः तीन मुकाबलों में दिखा रोमांच

उदयपुर, 30 मई (नसं)। फील्ड क्लब की मेजबानी में चल रहे फील्ड क्लब क्रिकेट कार्निवल के दूसरे दिन दुधिया रोशनी में तीन मुकाबले खेले गए, जिसमें रोमांच देखा गया। क्लब सचिव उमेश मनवानी ने बताया कि 2 जून चलने वाले इस कार्निवल में पुरुषों के साथ महिलाएं भी बैट और बॉल से अपना जौहर दिखाएंगी। कोषाध्यक्ष कमल मेहता ने बताया कि इस रात्रिकालीन टूर्नामेंट में क्लब के 15 साल से लेकर 70 साल तक के सदस्य एवं परिवारजन पूरे उत्साह से भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट में पांच विभिन्न वर्गों में 27 टीमें एवं लगभग 240 महिला एवं पुरुष खिलाड़ी क्लब सदस्य खेल रहे हैं।

फील्ड क्लब उपाध्यक्ष राकेश चोर्डिया ने बताया कि गुरुवार को पहले मैच में एपीएल 7 ने 6 विकेट से जीत दर्ज की, जिसमें जॉय सुहालका मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे मैच में 7 लेजेंड्स विजयी रहे। चांद चावत को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। तीसरा और आखिरी मैच 7 चैलेंजर्स ने 5 विकेट से जीता। महत्वपूर्ण जीत दिलाने के किए धैर्य चौधरी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। एग्जीक्यूटिव मेम्बर गौरव सिंघवी एवं जितेश वनवारिया ने बताया कि दर्शक दीर्घा में बैठे क्लब सदस्यों ने अपने परिवार सहित दूधिया रोशनी में खेले गए इन रोमांचक मैचों का आनंद लिया।

एग्जीक्यूटिव मेम्बर कविता कुमावत ने बताया कि इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए नायरा पेट्रोल पम्प, जीवनतारा रिसॉर्ट्, अनंता रिसोर्ट, द लिली कोर्ट ने विभिन्न पुरस्कार प्रायोजित किए हैं।

पूर्व गृहमंत्री स्व. गुलाब सिंह जी शक्तावत को पुष्पांजलि

उदयपुर। 30 मई। पूर्व गृहमंत्री और स्वतंत्रता सेनानी स्व. गुलाब सिंह जी शक्तावत की जयंती पर अशोक नगर स्थित उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

उदयपुर देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ संजीव राजपुरोहित ने बताया कि पूर्व गृहमंत्री और स्वतंत्रता सेनानी स्व. गुलाब सिंह जी शक्तावत की जयंती पर उदयपुर देहात जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया।

पुष्पांजलि अर्पित करने वालो में उदयपुर देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी, मावली विधायक पुष्कर लाल डांगी, पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बिया, स्व . गुलाब सिंह जी शक्तावत के सुपुत्र देवेंद्र सिंह शक्तावत, पौत्र विंध्यराज शक्तावत, पार्षद हिदायतुलाह, ब्लॉक अध्यक्ष सोमेश्वर मीणा, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, मदन बाबरवाल, महेंद्र डामोर सहित कई कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

सी 19 आर एम प्रोजेक्ट के तहत ग्राम वरडा में टीबी रोगी खोज कैंप आयोजित

उदयपुर 30 मई (निसं)। बड़गांव ब्लॉक में वरडा ग्राम में पंचायत भवन कार्यालय में सामुदायिक स्तर पर फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया जिसमे विलियम जे क्लिंटन फाउंडेशन व वर्ल्ड विजन इंडिया की ओर से संचालित सी 19 आर एम प्रोजेक्ट के तहत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया शिविर में हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से टीबी मरीजों की खोज करने हेतु एक्स-रे किए गए जिनका का परिणाम 1 मिनट में दिया गया साथ ही रोगियों का ब्लड प्रेशर, हिमोग्लोबिन, शुगर,वजन,लंबाई, संबंधीत जांचे भी की गई। कैंप में ग्रामीणों द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया कैंप में 112 चेस्ट एक्स-रे किए गए इस कैंप में स्थानीय ग्राम पंचायत के सरपंच श्रीमान दुले सिंह देवड़ा उप सरपंच श्री निर्भय सिंह देवड़ा समस्त वार्ड पंचगण एवं स्थानीय गांव की एएनएम पुष्पा कुंवर देवड़ा एवम मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी गीता डामोर एवम आशा सहयोगिनी वर्षा , कैलाश, मधु, शुशीला, के द्वारा कैंप में अधिक से अधिक लोगों को लाभ की जानकारी दी गई।

सर्व समाज की बैठक में निर्णय भव्य एवं ऐतिहासिक मनायेंगे महाराणा प्रताप जयंती



उदयपुर, 30 मई (नसं)। मेवाड़ क्षत्रिय महासभा संस्थान उदयपुर शहर एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में संभाग के सर्व समाज संगठनों द्वारा प्रातः स्मरणीय महाराणा प्रताप की 484वीं जयंती 9 जून रविवार को मनाने के तैयारी बैठक आज नगर निगम पार्षद सभागार में संपन्न हुई, जिसमें सभी समाज जनों एवं संगठनों ने एक स्वर में इस बार महाराणा प्रताप जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लेते हुए तय किया गया कि प्रत्येक घर से एक व्यक्ति शोभायात्रा में शामिल हो ऐसा हम प्रयास करें, बैठक में उपस्थित समाज जनों, संगठनों का स्वागत अभिनंदन अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह करेलिया ने किया एवं संगठन मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह मायदा ने पिछली बैठक का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी, कार्यक्रम में उपस्थित उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, उप महापौर पारस सिंघवी, बालू सिंह कानावत, तेजसिंह बांसी, भाजपा के रवीन्द्र श्रीमाली, चन्द्रगुप्त सिंह चैहान, गजपाल सिंह राठौड़, प्रेम सिंह शक्तावत, प्रमोद सामर, डॉ. जिनेन्द्र शास्त्री, विप्र सेना के दिनेश शर्मा, अधिवक्ता परिषद के एडवोकेट भरत जोशी, राम कृपा शर्मा, इतिहासविद चन्द्रशेखर शर्मा आदि ने अपने विचार रखते हुए कार्यक्रम को भव्यता की ओर अग्रसर के लिए सभी को आह्वान किया। बैठक में श्री झूलेलाल सेवा समिति, सिंधी सेंट्रल युवा सेवा समिति, साहू समाज, चैधरी कलाल समाज, मेढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज, खटीक समाज, सोनी समाज, मेवाड़ राजपूत महासभा, गुजराती समाज, तेली समाज, गुर्जर समाज, डांगी समाज, सालवी समाज, लौहार समाज, मेघवाल समाज, वाल्मीकि समाज, गुर्जर समाज कुमावत समाज, माली समाज, तंबोली समाज, अग्रवाल समाज, गुर्जर गौड़ समाज, सुखवाल समाज सहित अन्य समाज एवं संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन सप्त दिवसीय कार्यक्रम संयोजक कमलेंद्र सिंह पंवार ने किया। बैठक में उपस्थित सर्व समाज, संगठनों का नगर निगम सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकला बोलिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

स्वाईन से बचाव एवं उपचार के लिए तुरन्त असरकारक
जागृति फिवरिन काढा
स्वाईनफ्लू, डेंगू एवं चिकनगुनिया और उससे उत्पन्न सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार, बदन दर्द इत्यादी में लाभप्रद, शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है।
JAGRITI FEVRIN KADA
Jyoti Stores
(A Leading Merchant in Ayarvedic medicines)
ज्योति स्टोर्स
Out side Delhi Gate UDAIPUR-313001 (Raj)
अनुभवी चिकित्सा परामर्श भी उपलब्ध, फोन नं. : 2420016 (S)
Email : jagritiherbs@yahoo.co.in. Website : www. jagritiayurved.com